हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, गुरुवार 19 फरवरी 2026

11 एआई के दौर में तेजी से बदल रही है तकनीक...



12 राखी बारह खाप ने एसएसबी असिस्टेंट कमांडेंट...



## खबर संक्षेप

### एक सप्ताह बिजली आपूर्ति रहेगी प्रभावित

**हिसार।** आर्य नगर बिजली घर से चलने वाली 11 केवी चंदननगर व 11 केवी धीरणवास एग्रीकल्चर की बिजली आपूर्ति कल से एक सप्ताह के लिए प्रभावित रहेगी। निगम के अनुसार 19 फरवरी से 26 फरवरी तक 33 केवी की नई लाइन डालने का कार्य किया जाएगा। इसके चलते बिजली सुबह में 9 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी। इस दौरान चंदन नगर, धीरणवास, हिंदवान, रावलवास गांव में एग्रीकल्चर की बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 28 तक

**हिसार।** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं विमुक्त जनजाति के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं,पात्र विद्यार्थियों को नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि योजना के तहत 10वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत सरकारी अथवा निजी शिक्षण संस्थाओं में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस योजना के तहत अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। पात्र विद्यार्थी 28 फरवरी तक पंजीकरण करें।

### नि:शुल्क शिक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू

**हिसार।** हर वर्ग के बच्चों को शिक्षित करने के उद्देश्य से शुरू किए गए जैन महावीर चैरिटेबल फ्री स्टडी सेंटर में नौवीं से बारहवीं कक्षा के बच्चों की निशुल्क शिक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन चल रहे हैं। किसी भी सरकारी या निजी विद्यालय का जरूरतमंद बच्चा 28 फरवरी तक जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर में निशुल्क पंजीकरण करवा सकता है। रजिस्ट्रेशन के उपरांत 8 मार्च को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। बिमल सरोज चैरिटेबल सोसायटी के माध्यम से जेएमसी फ्री स्टडी सेंटर ने बच्चों को निशुल्क पढ़ाने का अभियान शुरू किया हुआ है। नौवीं व दसवीं कक्षा के बच्चों को गणित व साइंस का फाउंडेशन कोर्स निशुल्क करवाया जाता है।

### मुकलान में एनएसएस शिविर आज से

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सौजन्य से सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर का आयोजन 19 से 25 फरवरी तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मुकलान में किया जाएगा। एनएसएस की कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अंजु गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई उद्घाटन समारोह के मुख्यातिथि होंगे। शिविर के दौरान डिजिटल साक्षरता अभियान, विकसित भारत, विकसित हरियाणा विषयक संवाद, स्वच्छता संकल्प, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशामुक्ति चेतना रैली, ग्रामीण जागरूकता कार्यक्रम, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नुक्कड़ नाटक तथा राम-राम कैंपेन जैसे जनसंपर्क कार्यक्रम होंगे।

### शराब बनाने की अवैध भट्टी पकड़ी, आरोपी काबू

**नारनौंद।** खेड़ी चौपटा पुलिस ने कापड़ो गांव में अवैध शराब बनाने वाली एक भट्टी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 90 लीटर लाहन, एक गैस सिलेंडर और शराब बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। पुलिस ने गांव के ही राममेहर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ केस दर्ज किया है। खेड़ी चौपटा पुलिस चौकी को सूचना मिली थी कि कापड़ो गांव निवासी राममेहर अपने खेत में बने कोठे में अवैध शराब बना रहा है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई की और बताए गए स्थान पर छापा मारा। छापे के दौरान पुलिस ने एक ड्रम में भरा 90 लीटर लाहन बरामद किया। साथ ही शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाला गैस सिलेंडर, भट्टी व अन्य उपकरण भी जब्त किए गए हैं।

# 4.5 एमएम बारिश से 7 डिग्री लुढ़का अधिकतम पारा, हांसी में मकान पर गिरी आसमानी बिजली

*पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से रुक-रुककर बरसे बदरा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण हिसार व आसपास के क्षेत्रों में रात से रुक-रुककर हल्की बारिश हो रही है। हिसार में 4.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। यह बारिश गेहूं की फसल के लिए फायदेमंद बताई जाती है। हल्की बारिश से अधिकतम तापमान लुढ़क गया, हालांकि न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है। हिसार को अधिकतम पारा 20.8 डिग्री सेल्सियस रहा, जोकि मंगलवार के मुकाबले लगभग 7 डिग्री कम है। बुधवार को दिन का पारा सामान्य से 3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिनभर 15-20 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने से एक बार ठंड का यू टर्न देखने को मिला। उधर, मौसम वैज्ञानिकों ने राज्य में मौसम आमतौर पर 19 फरवरी से 23 फरवरी के दौरान खुश्क रहने की संभावना है। इस दौरान उत्तर व उत्तरपश्चिमी हवाएं चलने की संभावना है जिससे विशेषकर रात्रि तापमान में गिरावट आने की संभावना है, परंतु दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी के आसार है। जानकारी के अनुसार पिछले एक सप्ताह से शहर के पारे में लगातार वृद्धि का दौर जारी थी। अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया था। तापमान पड़ने से फरवरी में ही लोगों को गर्मी का अहसास होने लगा था। इसके अलावा बढ़ते तापमान को गेहूं की फसल पर भी प्रतिकूल असर पड़ने रहा था। मंगलवार की रात्रि पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण मौसम में बदलाव आया और हल्की बारिश होने लगी। रूक-रूककर बुधवार की सुबह भी बारिश का दौर चलता रहा।



20.8 डिग्री पर पहुंचा तापमान

### 23 तक खुश्क रहेगा मौसम

हकृवि के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार पश्चिमीविक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण राजस्थान के ऊपर बने हुए साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण राज्य में हवाएं व गरज चमक के साथ कहीं कहीं बूंदाबांदी या हल्की बारिश की हुई है तथा रात्रि को भी कहीं कहीं हल्की बारिश संभावित है जिससे विशेषकर दिन तापमान में गिरावट 3 से 5 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि राज्य में मौसम आमतौर पर 19 फरवरी से 23 फरवरी के दौरान खुश्क रहने की संभावना है। इस दौरान उत्तर व उत्तरपश्चिमी हवाएं चलने की संभावना है जिससे विशेषकर रात्रि तापमान में गिरावट आने की संभावना है, परंतु दिन के तापमान में हल्की बढ़ोतरी के आसार है। इस दौरान बीच बीच में हल्की गति से हवाएं चलने की भी संभावना है।



ध्वजा भी जली

### बिजली गिरने से इन्वर्टर समेत सभी उपकरण जले

**हांसी।** पश्चिमी विक्षोभ के चलते शहर व आसपास के गांवों में रुक-रुक कर हो रही बारिश के दौरान डडल पार्क क्षेत्र में बुधवार सुबह 11:30 बजे एक मकान पर आसमानी बिजली गिर गई। तेज धमाके की आवाज से आसपास क्षेत्र में रहने वाले लोग सहम गए। घर में बने के शौचालय की छत पर बिजली गिरने के चलते पूरे मकान में करंट फैल गया और इनवर्टर बैटरी सहित घर में लगे बिजली के सभी उपकरण जल गए। मकान मालिक सुरेश कुमार ने बताया कि सुबह बरसात के दौरान तेज गर्जना के साथ उनके घर में अचानक तेज रोशनी व धमाका हुआ। इन्वर्टर, फ्रीज, टीवी, बिजली की फिटिंग सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए व मकान में कई जगह दरार आ गई तथा मकान की छत पर लगाई गई ध्वजा भी जल गई। आसपास के लोगों के अनुसार, बिजली गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि ऐसा लगा जैसे कोई बड़ा विस्फोट हुआ हो। इस घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। लेकिन गनीमत रही कि हादसे में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ, लेकिन परिवार को हजारों रुपए का आर्थिक नुकसान अवश्य हो गया।

# रैन बसेरे में मोबाइल को लेकर झगड़े में साथी के सीने में मारी लात; मौत, हत्या का केस दर्ज

- पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 10 घंटे में दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मधुबन पार्क के सामने नगर निगम की ओर से बनाए गए अस्थाई रैन बसेरे में मोबाइल



को लेकर हुए झगड़े में एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान जींद जिले के सुरबरा गांव निवासी 45 वर्षीय बलकार के रूप में हुई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच शुरू की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वारदात के आरोपी फरार हो गया लेकिन पुलिस ने उसे लगभग 10 घंटे बाद दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान उत्तराखंड निवासी कृष्ण के रूप में हुई है। उसे गुरुवार को अदालत में पेश किया जाएगा। घटना के प्रत्यक्षदर्शी संदीप ने पुलिस को बताया कि बलकार, कृष्ण और दो-तीन लोगों ने पहले आपस में बैठकर शराब पी। उसके बाद बलकार और कृष्ण दोनों रैन बसेरे के अंदर आ गए। दोनों का आपस में झगड़ा हो गया। झगड़े में कृष्ण ने बलकार के सीने में लात मारी तो वह नीचे गिर गया। गिरने के बाद फिर से आरोपित ने कई बार सीने पर लात मारी। बाद में वह मौके से भाग गया। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार वह सामने पार्क के अंदर तैनात सुरक्षा कर्मी को बुलाने गया लेकिन सुरक्षा कर्मी नहीं आया। फिर दौड़कर एक अस्पताल के बाहर गया लेकिन वहां पर कोई सुरक्षा कर्मी नहीं था। ऐसे में कोई मदद करने के लिए नहीं आया तो बलकार को अस्तपाल नहीं ले जा सके और उसकी मौत हो गई। सुबह सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना प्रभारी पीएसआइ कर्मजीत और सीन आफ क्राइम की टीम मौके पर पहुंची और हत्या से जुड़े



साक्ष्य जुटाएं। सिविल लाइन थाना प्रभारी पीएसआई कर्मजीत ने बताया कि हत्या की वारदात के बाद आरोपित उत्तराखंड के गांव अल्मोड़ा निवासी कृष्ण फरार हो गया था। पुलिस ने लगातार उसके ठिकानों पर दबिश देकर आरोपी को 10 घंटे में ही दबोच लिया। हत्या का कारण मोबाइल का गुम होना पाया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### फोन गुम हुआ था बलकार का

पुलिस की जांच में सामने आया कि जींद के सुरबरा निवासी बलकार का पांच दिन पहले फोन गुम हुआ था। इसी बात को लेकर शराब के नशे में बलकार ने कृष्ण से अपना फोन मांगा तो उसने कहा कि मैंने कोई फोन नहीं लिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। बलकार ने कृष्ण की कमीज फाड़ दी। गुस्से में आकर कृष्ण ने बलकार के सीने में लात मारी जिस कारण उसे अंदरूनी चोट लगी और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

### 15 वर्ष से रह रहा था परिवार से दूर

सुरबरा गांव के ही रहने वाले संदीप कुमार के अनुसार उसका चाचा बलकार करीब 15 वर्ष से परिवार से दूर यहां पर रह रहा था। उसका बड़ा भाई बलवान और बलजीत दोनों परिवार के साथ गांव में रहते हैं। पांच साल पहले वह अपनी भतीजी प्रियंका और पूजा की शादी में आया था और शाम को वापस लौट गया था। उसके बाद से चाचा से कभी कोई बातचीत नहीं हुई। परिवार को ये भी नहीं पता था कि वह हिसार में रहता है। सुबह पुलिस ने सूचना दी तो पता चला। उनका कहना है कि जिसने भी बलकार की हत्या की उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# हत्या मामले में तीन दोषी करार, 26 को होगी सजा

- उमेद विहार कॉलोनी में दुकानदार नरेश की हत्या से जुड़ा है मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अदालत ने हत्या के एम मामले में तीन लोगों को दोषी करार दिया है। इन्हें 26 फरवरी को सजा सुनाई जाएगी। मामला कैमरी रोड स्थित उमेद विहार में परचून की दुकान चलाने वाले नरेश कुमार की हत्या से जुड़ा है, जिसमें अदालत ने तीन आरोपी दीपक उर्फ हलवाई, अजय उर्फ मनीष उर्फ मलाई और ईशू को दोषी करार दिया है।

आरोपियों ने लूट के इरादे से नरेश पर तेजधार चाकू और लोहे के सरिया से हमला किया था और उसकी जेब से 1200 रुपये निकालकर फरार हो गए थे। अदालत में चले अभियोग के अनुसार पटेल नगर निवासी 48 वर्षीय महेंद्र सिंह ने आजाद नगर थाना पुलिस को शिकायत देकर बताया कि वह उमेद विहार स्थित नरेश कुमार की दुकान पर काम करता था। 14 अप्रैल 2020 की रात को आठ बजे दुकान बंद करने के बाद चार युवक आए। आरोपियों ने नरेश से रुपये मांगे। नरेश ने इनकार किया तो एक युवक ईशू ने उसके पेट में चाकू मार दिया, जबकि दीपक और मनीष ने सरिया से हमला किया। महेंद्र के अनुसार जब उसने बचाव करने का प्रयास किया तो आरोपियों ने उस पर भी वार किए। इसके बाद हमलावर दुकान में घुसकर नरेश की जेब से करीब 1200 रुपये निकाल ले गए और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल नरेश को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। आजाद नगर थाना पुलिस ने 15 अप्रैल 2020 को हत्या सहित विभिन्न धाराओं के केस दर्ज करके आरोपियों को गिरफ्तार किया था। अदालत ने उन्हें दोषी करार दिया है।

# विधायक व मेयर ने किया नगर निगम के 1.16 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ

- हिसार का विकास मेरी प्रतिबद्धता : सावित्री जिन्दल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

नगर निगम द्वारा वार्ड 5 में विभिन्न विकास परियोजनाओं की शुरुआत की गई। बुधवार को विधायक सावित्री जिंदल और मेयर प्रवीण पोपली ने करीब 1 करोड़ 16 लाख रुपये की लागत से होने वाले कई विकास कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया। इनमें इंद्रा कॉलोनी में 63.72 लाख रुपये की लागत से विभिन्न गलियों का निर्माण, 6.92 लाख रुपये से जगतार बाग में आईपीबी सड़कों का निर्माण, कसाबां मोहल्ला में 33.64 लाख रुपये से सीसी सड़कों का निर्माण तथा मित्तल नगर में 12.46 लाख रुपये की लागत से पार्क के मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर विधायक सावित्री जिन्दल ने कहा कि हिसार का विकास मेरी प्रतिबद्धता है। इस अवसर पर मेयर प्रवीण पोपली, पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला, जगदीश जिन्दल, पार्षद जगमोहन मितल, पार्षद भीम महाजन, एक्सईएन जयवीर डूडी, जेई कुशल सिंह, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर डीएन सैनी, प्रवीन जैन, रेनू लाहोरिया, रिटायर्ड कमांडेंट मांगेराम, सुभाष गुर्जर, मनीराम गुर्जर, विनय गुप्ता, डॉ. प्रदीप कोहली, राजेश यादव, बबली देवेंदा आदि मौजूद रहे।



हिसार। विकास कार्यों का शुभारंभ करती विधायक सावित्री जिंदल, साथ हैं मेयर प्रवीण पोपली व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### बास में घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो चोरी

**नारनौंद।** क्षेत्र के बास आजमशाहपुर में चोर घर के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो गाड़ी चोरी करके फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पूरी वारदात गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। बास निवासी परशुराम ने बताया कि वह स्कॉर्पियो गाड़ी चलाता है। गाड़ी उसके मामा सोनीपत के गांव सिकंदरपुर माजरा निवासी मनजीत कुमार की है। परशुराम के अनुसार वह 16 फरवरी की रात करीब 11:30 बजे गाड़ी को अपने मकान के सामने खड़ी कर सो गया था। सुबह सात बजे उठकर देखा तो गाड़ी गायब थी। पीड़ित ने बताया कि गाड़ी में उसके दस्तावेज, आधार कार्ड, पैन कार्ड, वाहन के कागजात, दो क्रेडिट कार्ड, पांच जमीन के ब्याने तथा कुछ नकदी रखी हुई थी। सीसीटीवी कैमरों की जांच में सामने आया कि आरोपी एक सफेद रंग की कार में आए थे।

# सेक्टर 33 में रिंग रोड पर नई स्ट्रीट लाइट शुरू

- सेक्टर के विकास और सुरक्षा की दिशा में बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

सेक्टर 33 के विकास और सुरक्षा की दिशा में आज एक बड़ा कदम उठाते हुए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ओर से लगाई गई नवनिर्मित स्ट्रीट लाइट का रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान धर्मवीर पानू ने पैनल का स्विच ऑन करके विधिवत शुभारंभ किया। सेक्टर 33 के 45 मीटर चौड़े रिंग रोड पर जैसे ही स्ट्रीट लाइट जगमगाई पूरा क्षेत्र रोशनी से सराबोर हो गया।

प्रधान धर्मवीर पानू ने कहा कि इस रिंग रोड पर लंबे समय से अंधेरे के कारण सेक्टरवासियों को, विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को शाम के समय आवागमन में असुरक्षा महसूस होती थी। हमारा संकल्प सेक्टर को स्मार्ट और सुरक्षित बनाना है। इन नई आधुनिक स्ट्रीट लाइटों के शुरू होने से न केवल सड़क हादसों में कमी आएगी, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था भी सुदृढ़ होगी। उन्होंने इस कार्य के लिए एचएसवीपी प्रशासन की सराहना करते हुए अधिकारियों का आभार जताया। इस मौके पर प्रधान धर्मवीर पानू के अलावा महासचिव बलविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार, अशोक भुटानी, दीप्ति अहलावत, रामकुमार संगवाल, सुनील कड़वासरा, राजेंद्र सपड़ा, टेकराम पूनिया, डॉ. कौर सिंह नेहरा, अमित गर्ग, डीआर बवेजा, अशोक भूटानी, दयानंद भुक्कल, धर्मपाल कस्वां, शास्त्री नैन, साहब, वीर सिंह, राव धर्म सिंह खटकड़ सहित सेक्टर के गणमान्य लोग मौजूद थे।



हिसार। स्ट्रीट लाइट का शुभारंभ करते प्रधान धर्मवीर पानू व अन्य सेक्टरवासी।

## निगमायुक्त ने निरीक्षण कर ठेकेदार को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के दिए निर्देश

# अत्याधुनिक इको-फ्रेंडली श्मशान भूमि के फेज-3 का कार्य शुरू

*तीसरे फेज में 4.78 करोड़ की लागत से होंगे निर्माण व सौंदर्यीकरण के कार्य*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर में आधारभूत सुविधाओं को आधुनिक और पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से नगर निगम की ओर से विकास कार्यों की रफ्तार तेज कर दी गई है। इसी कड़ी में निगमायुक्त नीरज ने अधिकारियों के साथ ऋषि नगर स्थित निर्माणाधीन अत्याधुनिक इको-फ्रेंडली श्मशान भूमि का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने चल रहे कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों और ठेकेदार को समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने बताया कि श्मशान भूमि के फेज-3 के कार्य औपचारिक रूप से शुरू कर दिए गए हैं। इस चरण में कुल 4 करोड़ 78 लाख रुपये की लागत से विभिन्न निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह परियोजना शहर के लोगों को आधुनिक, स्वच्छ और सम्मानजनक अंतिम संस्कार स्थल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। निगमायुक्त नीरज ने ठेकेदार को निर्देश दिए कि सभी कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ अगले चार महीनों में हर हाल में पूरे किए जाएं।

उन्होंने कहा कि निर्माण में लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमित निरीक्षण जारी रहेगा।



हिसार। निर्माण कार्यों की जानकारी लेते निगमायुक्त नीरज।


### परिसर में ग्रेनाइट और कोटा स्टोन पत्थर लगेगा

फेज-3 के तहत कई सुविधाएं विकसित की जाएंगी। परिसर में ग्रेनाइट और कोटा स्टोन पत्थर लगाए जाएंगे, जिससे स्थल मजबूत और आकर्षक बनेगा। पार्किंग क्षेत्र में आईबीपी ब्लॉक लगाए जाएंगे ताकि वाहनों की आवाजाही सुगम रहे और जलभराव की समस्या न हो। इसके अलावा एंबुलेंस के लिए शेड का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा आईबीपी ब्लॉक व सीसी सड़कों निर्माण किया जाएगा। स्वच्छता और सुविधा को ध्यान में रखते हुए बाथरूम में आधुनिक टाइल्स लगाई जाएंगी तथा टफन ग्लास का उपयोग किया जाएगा। साथ ही पूरे परिसर में पेंट और पुट्टी का कार्य किया जाएगा। सुरक्षा और गोपनीयता के मद्देनजर श्मशान भूमि की चारदीवारी की ऊंचाई भी बढ़ाई जाएगी।

### ट्रेडिंग के नाम पर धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** थाना साइबर पुलिस ने ट्रेडिंग के नाम पर साइबर फ्रॉड करने वाले एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने काबू किए गए आरोपी ऐलनाबाद निवासी संजय के कब्जे से ठगी किए गए रुपयों में से 10 हजार रुपये बरामद किए है। यह जानकारी देते हुए मुख्य सिपाही अमित कुमार ने बताया कि दीपक निवासी दयाल सिंह कॉलोनी निवासी दीपक ने 18 सितंबर को साइबर थाना में शिकायत दी थी कि उसकी टेलीग्राम एप पर ट्रेडिंग करने के लिए एक लिंक प्राप्त हुआ। लिंक खोलने पर एक ट्रेडिंग वेबसाइट दिखाई दी, जिसमें अधिक मुनाफा देने का लालच देकर उससे 1,06,920 रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवा लिए गए। लेकिन बाद में मुनाफा व रुपए वापस करने के नाम पर और रुपयों की मांग की गई तो उसे अहसास हुआ कि उसके साथ साइबर ठगी हुई है। शिकायत के आधार पर थाना साइबर हांसी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर ऐलनाबाद निवासी संजय को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से ठगी किए गए रुपयों में से 10 हजार रुपये बरामद किए गए।




आप किसी भी उम्र के हों, अगर आपके जोड़ों में दर्द, सूजन रहती है तो आपको जांच कराने में देर नहीं करनी चाहिए। ऐसा रूमेटॉइड आर्थराइटिस के कारण हो सकता है। सही समय पर टेस्ट और ट्रीटमेंट के जरिए इससे राहत मिल सकती है।

## रूमेटॉइड आर्थराइटिस समय पर डायग्नोसिस-ट्रीटमेंट है जरूरी

डिजीज

**डॉ. अभिक बनर्जी**
जोनल टेक्निकल चीफ
अपोलो डायग्नोस्टिक्स, कोलकाता



कई आंकड़ों से यह बात सामने आई है कि बहुत से लोग रूमेटॉइड आर्थराइटिस (आरए) जैसी गंभीर बीमारी के साथ चुपचाप जीवन जी रहे हैं। लगभग 50 प्रतिशत मरीज समय पर डॉक्टर के पास नहीं जाते। वे शुरुआती लक्षणों को अकसर तनाव, थकान या हल्का जोड़ों का दर्द समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। यह समस्या अब युवाओं में भी देखी जा रही है, जिससे आगे चलकर जोड़ों को गंभीर नुकसान और विकलांगता हो सकती है।

**कैसे होती है समस्या:** रूमेटॉइड आर्थराइटिस, एक लंबे समय तक बनी रहने वाली बीमारी है। इसमें शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता, अपने ही जोड़ों पर हमला करने लगती है। इससे जोड़ों में लगातार सूजन बनी रहती है और धीरे-धीरे जोड़ों को नुकसान पहुंचता है।

इस बीमारी के होने के कई कारण हो सकते हैं, जैसे परिवार में बीमारी का इतिहास, हार्मोन में बदलाव, धूम्रपान, ज्यादा तनाव और कुछ संक्रमण। आमतौर पर लोग सोचते हैं कि गठिया सिर्फ बढ़ती उम्र में होता है, लेकिन रूमेटॉइड आर्थराइटिस 20 से 30 साल की उम्र के लोगों को भी हो सकता है।



**रोग के लक्षण:** इस रोग के कॉमन लक्षण हैं जोड़ों में दर्द, सूजन, सुबह के समय जोड़ों में जकड़न, जल्दी थक जाना और कमजोरी महसूस होना। अगर समय पर जांच और इलाज न किया जाए, तो यह बीमारी जोड़ों की बनावट बिगाड़ सकती है। इसके अलावा यह फेफड़ों, दिल और आंखों जैसे शरीर के दूसरे अंगों को भी प्रभावित कर सकती है। इससे चलने-फिरने में परेशानी होती है, रोजमर्रा के काम करना मुश्किल हो जाता है, काम करने की क्षमता घटती है और जीवन की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ता है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि शुरुआती लक्षण बहुत हल्के होते हैं, इसलिए लोग उन्हें गंभीरता से नहीं लेते। 20-30 साल के युवा और कामकाजी लोगों में रूमेटॉइड आर्थराइटिस के मामलों में लगभग 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है।

**न करें इग्नोर:** इस रोग से ग्रसित करीब 50 प्रतिशत लोग जोड़ों की जकड़न, दर्द या सूजन जैसे शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं और तब डॉक्टर के पास जाते हैं, जब बीमारी रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करने लगती है। हर 10 में से लगभग 5 मरीज ऐसे होते हैं, जो बहुत देर से जांच के लिए आते हैं, जब तक जोड़ों को नुकसान शुरू हो चुका होता है। यह देरी आगे चलकर स्थायी जोड़ों की खराबी और लंबे समय की विकलांगता का कारण बन सकती है।

बहुत से मरीज इसलिए चुपचाप दर्द सहते रहते हैं क्योंकि उन्हें रूमेटॉइड आर्थराइटिस के शुरुआती लक्षण समझ में ही नहीं आते या वे डॉक्टर के पास जाने में देर कर देते हैं। खासकर युवा लोग यह मान लेते हैं कि जोड़ों का दर्द ज्यादा काम, तनाव या व्यायाम की कमी की वजह से है। लेकिन ऐसा सोचने से बीमारी बढ़ती जाती है और जोड़ों को ऐसा नुकसान हो जाता है, जिसे समय पर जांच और उपचार से रोका जा सकता था। रूमेटॉइड आर्थराइटिस को कंट्रोल करने के लिए जल्दी जांच कराना सबसे जरूरी है।

**जांच के तरीके:** आरए की जांच के लिए कुछ अहम जांचें की जाती हैं, जैसे रूमेटॉइड फैक्टर (आरएफ) और एंटी सीसीपी एंटीबॉडी टेस्ट, जो यह बताते हैं कि बीमारी ऑटोइम्यून है या नहीं। ईएसआर और सीआरपी जांच से शरीर में सूजन का स्तर पता चलता है। ब्लड की सामान्य जांच से शरीर की दूसरी समस्याओं का पता लगाया जाता है। इसके अलावा एक्सरे, अल्ट्रासाउंड या एमआरआई स्कैन से जोड़ों में सूजन और शुरुआती नुकसान का पता चल जाता है। अगर समय पर जांच हो जाए, तो बीमारी को धीमा करने वाली दवाएं शुरू की जा सकती हैं। इससे दर्द कम होता है, बीमारी आगे नहीं बढ़ती और जोड़ों की काम करने की क्षमता बनी रहती है। नियमित जांच और स्कैन से इलाज को समय-समय पर बदला जा सकता है और बीमारी के दोबारा बढ़ने से बचा जा सकता है।

**ट्रीटमेंट:** इसके इलाज में ऐसी दवाएं दी जाती हैं, जो बीमारी को बढ़ने से रोकती हैं। इसके साथ फिजियोथेरेपी भी बहुत जरूरी होती है, जिससे जोड़ों की ताकत बनी रहती है। रोजाना हल्का व्यायाम, संतुलित आहार, तनाव को कम करना और धूम्रपान छोड़ना भी इलाज का अहम हिस्सा है। नियमित रूप से डॉक्टर से फॉलोअप कराने से बीमारी पर नजर रखी जा सकती है और जरूरत पड़ने पर इलाज बदला जा सकता है। *

प्रस्तुति: सेहत डेस्क

---


देश-दुनिया में आए दिन सुसाइड यानी आत्महत्याओं के मामले सामने आते रहते हैं। वैसे तो सभी आयु वर्ग के व्यक्तियों में ऐसी प्रवृत्ति देखी जाती है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से युवा वर्ग, खासकर स्टूडेंट्स में भी आत्महत्या के मामलों में इजाफा हुआ है, जो एक चिंताजनक और विचारणीय मुद्दा है। कुछ सुझावों पर अमल कर आत्मघाती प्रवृत्ति से बचाव किया जा सकता है।

## सुसाइड के लगातार बढ़ते मामले सपोर्ट-ट्रीटमेंट से संभव है बचाव



डॉक्टर्स एडवाइस

**डॉ. वैभव चतुर्वेदी**
मनोचिकित्सक-कोकिलाबेन
धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर


वर्ल्ड साइकिएट्रिक एसोसिएशन के अनुसार खुद की जान को खत्म कर देने वाले लोगों की संख्या में इजाफा होना परिवार, समाज और सरकार इन तीनों के ही लिए अत्यंत गंभीर विचारणीय मुद्दा है। ऐसा इसलिए क्योंकि इतनी जानें तो दुनिया भर में प्रतिवर्ष होने वाली विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं और आतंकवादी घटनाओं में भी नहीं जाती हैं, जितनी लोग स्वयं गवां देते हैं। साइकिएट्रिक एसोसिएशन के अनुसार, 'इस स्थिति को काफी हद तक कम किया जा सकता है, अगर हम आत्महत्या की तरफ बढ़ रहे लोगों को यह दिलासा दिला सकें कि हम तुम्हारे साथ हैं।'

### एक प्रमुख कारण है डिप्रेशन


अवसाद (डिप्रेशन), आत्महत्या के एक बड़े कारण में शुमार है। बड़ी संख्या में लोग दुनिया भर में डिप्रेशन के कारण आत्महत्या करते हैं, ऐसा महर्षि यूरोपियन रिसर्च यूनिवर्सिटी, नीदरलैंड्स द्वारा किए गए एक अध्ययन का आकलन है।

### तनाव का हावी होना

यूरोपियन साइकिएट्रिक एसोसिएशन द्वारा किए गए एक अध्ययन के अनुसार, जिन लोगों के दिलो-दिमाग पर तनाव हावी हो जाता है और जो मनोचिकित्सक या विशेषज्ञ डॉक्टर के परामर्श पर अमल नहीं करते, तो इस स्थिति में ऐसे लोग नकारात्मक विचारों से घिर जाते हैं। उन्हें लगता है कि उनकी दुनिया अंधेरे में जा चुकी है, जिससे निकलने का कोई रास्ता नहीं है। इस तरह की मनोदशा कालांतर में आत्महत्या का कारण बन सकती है।

**अन्य कारकों के दुष्प्रभाव:** कुछ मनोरोग जैसे बाइपोलर डिसऑर्डर, सिजोफ्रेनिया आदि के अलावा मादक पदार्थों की एक अरसे से जारी लत खुद की जान लेने के जोखिम को बढ़ा सकती है।

**विफलता या भावनात्मक झटका:** किसी क्षेत्र में असफल रहना और उस असफलता को बर्दाश्त न कर पाना भी आत्महत्या का कारण बन सकता है। वहीं संबंधों में विच्छेद से एक बड़ी संख्या में लोगों को भावनात्मक झटका लगता है, जिसे अनेक लोग सहन नहीं कर पाते। इसके अलावा पारिवारिक और व्यवसाय से संबंधित जिम्मेदारियों का बोझ और आर्थिक स्थिति का खराब होना आदि ऐसे कारण हैं, जो खुद की जान को नुकसान पहुंचाने के लिए उकसाते हैं।



### इन लक्षणों पर दें ध्यान

- अकेलापन पसंद करना, यह सोचना कि दुनिया में मेरा कोई नहीं है।
- किसी भी प्रकार के मेल-मिलाप से कतराना।
- दूसरों के समक्ष इस तरह की बातें करना कि अब जिंदगी जीने का मकसद नहीं रह गया है।
- किसी कारण के बगैर खुद को जोखिम में डालने वाले कार्य करना। जैसे लापरवाही से वाहन चलाना आदि।
- किसी की बात न सुनना-खुद में गुमशुम रहना।
- स्वभाव में अप्रत्याशित परिवर्तन जैसे जो व्यक्ति खुशमिजाज रहता हो, वह उदास रहने लगता है।
- ऐसे लोगों का मूड अकसर उदास रहता है।
- भूख कम लगना या समय पर खाना न खाना।
- नींद पूरी न ले पाना।
- आत्महत्या का प्रयास करने वाले कुछ ऐसे भी लोग होते हैं, जो उपरोक्त संकेत नहीं देते और वे अपनी बात को मन में दबाए रखते हैं।

### दूसरों की मदद लें

अमेरिकन साइकिएट्रिक एसोसिएशन के अनुसार दुनिया में मानसिक समस्याओं से पीड़ित लगभग 65 प्रतिशत से अधिक लोग दूसरों से मदद लेने में हिचकिचाते हैं, ऐसा इसलिए क्योंकि उन्हें लगता है कि अगर मैं किसी अन्य व्यक्ति को अपनी परेशानी बताऊंगा तो वे सब मेरी आलोचना करेंगे। ऐसे लोगों की गलत धारणा को दूर करने में मनोचिकित्सक काउंसलिंग का सहारा लेते हैं। इससे मन की नकारात्मकता दूर होती है।

### बचाव के उपाय

- योगासन, प्राणायाम और विशेषकर ध्यान या मेडिटेशन मन की अशांति को दूर करने का एक सशक्त माध्यम हैं।
- विश्व प्रसिद्ध मेडिकल जर्नल 'दि लैंसेट' में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार जो लोग समाज में मिलते-जुलते (सोशल इंटरएक्शन) रहते हैं और जिंदगी में रिश्तों को अहमियत देते हैं, उनमें आत्महत्या से संबंधित विचारों के पनपने की आशंकाएं काफी हद तक कम हो जाती हैं।
- पीड़ित व्यक्ति को अकेला न छोड़ें।
- ईश्वर पर गहन विश्वास रखने से व्यक्ति में चिंताओं, तनावों और पीड़ाओं से लड़ने का माद्दा विकसित होने में मदद मिल सकती है। ऐसा विश्वास व्यक्ति को निराशावादी से आशावादी बना सकता है। जो व्यक्ति आशावादी है, वह आत्महत्या करने का प्रयास अपवाद स्वरूप ही करता है।
- कोई हॉबी विकसित करें। अगर आपकी संगीत में रुचि है तो इसके लिए कुछ समय निकालें।

### इलाज के तरीके

अवसाद से प्रभावित ऐसे लोग, जो सुसाइडल सोच की ओर बढ़ रहे हैं, उन्हें इन उपचारों से ठीक कर सकते हैं।

**साइकोथेरेपी:** इसमें मनोचिकित्सक मरीज के साथ संवाद स्थापित करते हैं और उसके परिजनों को भी सुझाव देते हैं।

**इलेक्ट्रो कंवल्सिव थेरेपी (ईसीटी):** इंडियन साइकिएट्रिक सोसायटी के अनुसार यह थेरेपी डिप्रेशन समेत अन्य मनोरोगों को दूर करने की एक विशिष्ट चिकित्सा विधि है, जिसके अच्छे नतीजे सामने आ रहे हैं। इस विधि के अंतर्गत नियंत्रित विद्युत तरंगों के जरिए 'ब्रेन केमिस्ट्री' को प्रभावित किया जाता है। इसके जरिए मस्तिष्क में आने वाले आत्मघाती विचारों को सकारात्मक विचारों में तब्दील करने में मदद मिलती है।

**एंटीडिप्रेसेंट टैबलेट्स:** मनोचिकित्सक की सलाह के अनुसार रोगी को एंटीडिप्रेसेंट दवाई लेनी चाहिए। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

### बच्चों-किशोरों पर पैरेंट्स दें ध्यान

इंडियन साइकिएट्रिक सोसायटी के विशेषज्ञों के अनुसार अपने करियर को बनाने के चक्कर में पढ़ाई का दबाव और उस पर भी पैरेंट्स की अपने बच्चों से बड़ी-बड़ी उम्मीदें सजोना, किशोर और युवा वर्ग को तनावग्रस्त बनाता है। अगर उन्हें उनके मुताबिक नौकरी नहीं मिल पाती तो यह स्थिति कालांतर में डिप्रेशन और कुछ मनोरोगों के जरिए आत्महत्या का कारण बन सकती है। इसलिए पैरेंट्स को अपने बच्चों, खासकर किशोरों और युवाओं पर इस बात की नजर रखनी चाहिए कि उनके बच्चों के स्वभाव में नकारात्मक परिवर्तन तो नहीं हो रहे हैं। अगर ऐसा है, तो फिर उन्हें मनोचिकित्सक के पास जरूर ले जाएं।




---

अगर आप अपनी डेली लाइफ में कुछ बैड हैबिट्स से दूर रहें तो एजिंग प्रोसेस धीमी होगी। यानी लंबे समय तक आप यंग- एनर्जेटिक बने रहेंगे। इस बारे में आपके लिए बहुत यूजफुल इंफॉर्मेशंस।

## अपनाएं ये अच्छी आदतें लंबे समय तक रहेंगे यंग

हेल्थ सजेशन

**रजनी अरोड़ा**



आज के दौर में मिड एज के ज्यादातर लोग अकसर लो फील करते हैं। दरअसल, जाने-अनजाने वे ऐसी कई आदतें डाल लेते हैं, जो उन्हें ओवरवेटेड, थका हुआ और लो एनर्जी वाला बना देती हैं। जिनकी वजह से अनचाहे ही बुढ़ापे का असर उन पर समय से पहले नजर आने लगता है।

**अनहेल्दी डाइट हैबिट:** बढ़ती उम्र के साथ व्यक्ति के शरीर का डायजेस्टिव सिस्टम कमजोर और शारीरिक गतिविधियां कम होने लगती हैं। इसकी वजह से हेल्दी रहने के लिए खान-पान में बदलाव लाना जरूरी हो जाता है। यानी युवावस्था में जहां देर-सवेर या जरूरत से ज्यादा खाना और अनहेल्दी या ऑयली फूड भी शरीर पचा लेता है। वहीं 40-45 साल की एज के बाद अकसर इसे नजरअंदाज किया जाता है, जो कई समस्याओं का कारण बन सकता है।

ऐसे में स्ट्रिक्ट डाइटिंग और खान-पान की आदतों में बदलाव लाना इसका सॉल्यूशन है। खाना बंद करने या भूखा रहने के बजाय संतुलित मात्रा में खाना जरूरी है। यानी अपनी डाइट में पोर्शन साइज थोड़ा-सा छोटा करें। हमेशा एक रोटी की भूख छोड़कर खाना खाएं। ओवर ईटिंग न करें। यथासंभव प्रोसेस्ड, जंक और ऑयली फूड्स से परहेज करें। प्रोटीन, कैल्शियम रिच डाइट ज्यादा से ज्यादा लें। लिक्विड कैलोरीज (मीठी चाय, कॉफी, सॉफ्ट ड्रिंक्स, बियर या फ्रूट जूसेस) बिल्कुल बंद कर दें क्योंकि ये ब्लड में पहुंच कर शरीर में तेजी से अवशोषित हो जाते हैं और सेहत के लिए नुकसानदायक होते हैं।



**भरपूर नींद न लेना:** बढ़ती उम्र में देर रात तक जागना, पूरी नींद न सोने से अगला दिन बेकार ही नहीं हो जाता, सेहत को भी नुकसान पहुंचता है। बॉडी की एनर्जी लो हो जाती है, चिड़चिड़ापन या मूड स्विंग होते हैं, चाहकर भी काम पर फोकस नहीं कर पाते। रात में 6-7 घंटे की नींद न लेने पर बॉडी में फैट एक्यूमुलेशन दोगुना तेजी से बढ़ने लगता है। व्यक्ति अनचाहे ही मोटापे और उससे उपजी बीमारियों की गिरफ्त में आ जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि नींद को लेकर सजग रहें। अच्छी नींद के लिए सोते समय बेडरूम में एकदम अंधेरा करके सोएं। इससे मेलाटोनिन का रिसाव जल्दी होता है और व्यक्ति ज्यादा अच्छे से सो पाता है। टाइम पर बेड पर जाएं। कमरे को थोड़ा ठंडा रखें और सोने से कम-से-कम एक घंटा पहले स्क्रीन (चाहे वो टीवी हो या मोबाइल) बिल्कुल बंद कर दें।

**स्ट्रेंथ ट्रेनिंग न करना:** आज की युवा पीढ़ी फिटनेस-प्रेमी या जिम-फ्रीक है। ज्यादातर फिट रहने या बॉडी बिल्डिंग के लिए रेग्युलर जिम भी जाते हैं और स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, कार्डियो, वेट बियरिंग जैसी एक्सरसाइज करते हैं। जबकि बढ़ती उम्र के व्यक्ति वॉक करने या कार्डियो एक्सरसाइज तक ही सिमट जाते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसे उपयुक्त नहीं मानते क्योंकि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग न करने पर शरीर में धीरे-धीरे मसल्स लॉस होना शुरू हो जाता है जिसका व्यक्ति को जल्द पता नहीं चल पाता। मसल्स दरअसल, व्यक्ति को केवल अच्छा फिगर या अच्छा लुक ही प्रदान नहीं करते, शरीर के सुरक्षा-कवच का भी काम करते हैं। जॉइंट्स को सपोर्ट देते हैं, मेटाबॉलिज्म को एक्टिवेट करते हैं और हार्मोन निर्माण में भी मदद करते हैं। रिसर्च से साबित हो गया है कि 40 साल की उम्र के बाद अगर व्यक्ति स्ट्रेंथ ट्रेनिंग नहीं करते तो हर साल उनका लगभग 1 प्रतिशत मसल्स लॉस होता है।

इससे बचने के लिए जरूरी है मिड एज के बाद भी रेग्युलर जिम जाएं और इंस्ट्रक्टर की निगरानी में स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करें। जिम न जा पाने की स्थिति में हफ्ते में तीन-चार दिन बेसिक बॉडी वेट स्ट्रेंथ ट्रेनिंग जरूर करें जैसे-स्क्वेट्स, पुश-अप्स, पुल अप्स, रेजिस्टेंस बैंड्स। घर में मौजूद डंबल्स या वॉटर बोतल की मदद से भी आप एक्सरसाइज कर सकते हैं।

**हार्मोनल असंतुलन को इग्नोर करना:** मिड एज के बाद अकसर कई तरह की शारीरिक-मानसिक समस्याएं शुरू हो जाती हैं। जिन्हें वे बढ़ती उम्र का असर मान लेते हैं। जैसे- वजन बढ़ना, हर वक्त थकान, काम में मन न लगना, अनियमित माहवारी, प्री-मेनोपॉज होना, सेक्स ड्राइव कम होना। मेडिकल साइंस इनके पीछे की वजह शरीर में मौजूद हार्मोनल असंतुलन को मानता है। हार्मोन असंतुलन होने पर शरीर का पूरा सिस्टम स्लो होने लगता है और कम उम्र में ही व्यक्ति पर असर दिखाई देने लगता है। जरूरी है उम्र से पहले आने वाले बदलावों पर गौर करें और हार्मोन असंतुलन को नजरअंदाज न करें। समय-समय पर हार्मोन लेवल चेक करवाएं। मेडिकल ट्रीटमेंट के अलावा लाइफस्टाइल में बदलाव करने पर हार्मोन-असंतुलन को काफी हद तक इंप्रूव किया जा सकता है।

**विल पॉवर न रखना:** मिड एज में व्यक्ति की जिंदगी में अकसर ठहराव-सा आ जाता है। व्यक्ति डिसिप्लिन और सिस्टेमेटिक लाइफस्टाइल से दूर होता जाता है। उन्हें किसी के मोटिवेशन का इंतजार ज्यादा रहता है। जिंदगी में स्वस्थ और सफल होने के लिए मोटिवेशन के बजाय डिसिप्लिन और सिस्टम्स बनाना जरूरी है। ऐसे सिस्टम्स बनाने की जरूरत है, जो व्यक्ति को स्वतः ही सही दिशा की तरफ जाने में मदद करें। जरूरी है कि रुटीन, सिस्टम और स्ट्रक्चर तय करें और उसके हिसाब से नियम बनाएं। *



---

यह सही है कि जड़ी-बूटियों का रिएक्शन तुलनात्मक रूप से कम होता है। लेकिन ये नुकसान करते ही नहीं, यह सोच गलत है। ऐसे में किसी भी जड़ी-बूटी का सेवन करने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखना बहुत जरूरी है।

## सावधानी के साथ ही करें जड़ी-बूटियों का सेवन

अवेयरनेस

**रेखा देशराज**

हाल के सालों में प्राकृतिक दवाओं यानी जड़ी-बूटियों को लेकर आम लोगों में विश्वास बहुत ज्यादा बढ़ा है। लेकिन इस बढ़ते भरोसे के बीच सावधानी बरतना भी जरूरी है। क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में जड़ी-बूटियों और विभिन्न तरह के हर्बल उत्पादों का जो अंधाधुंध उपयोग शुरू हुआ है, उससे फायदे की जगह कई तरह के नुकसान भी सामने उभरकर आए हैं। दरअसल आम लोग जड़ी-बूटियों को हर हालत में सुरक्षित समझते हैं। इसलिए वो कई बार इनके जानकारों से भी यह राय लेना जरूरी नहीं समझते कि कौन-सी जड़ी-बूटी खानी चाहिए, कब खानी चाहिए और कैसे खानी चाहिए? ऐसे में ऐसी जड़ी-बूटियां जो आमतौर पर सेहत के लिए फायदेमंद होती हैं, कई बार उनसे भी नुकसान होते हुए देखने को मिलता है।

**बिना सलाह के न करें सेवन:** पहली बात तो यह गांठ बांध लें कि चाहे कोई भी चीज क्यों न हो, बिना उसके जानकार की राय लिए कभी नहीं खानी चाहिए। आजकल व्हाट्सएप, यू-ट्यूब और सोशल मीडिया में सभी विशेषज्ञ बनकर जो जानकारी देते रहते हैं, उससे भी इस तरह के नुकसान की आशंका बहुत बढ़ जाती है। यह समझना भी जरूरी है कि जिन जड़ी-बूटियों को हम केवल फायदे देने वाली समझते हैं, आखिर उनसे नुकसान कैसे हो जाता है? दरअसल, जड़ी-बूटियां पौधों से प्राप्त होती हैं, इसलिए इन्हें रासायनिक दवाओं की तुलना में ज्यादा कोमल माना जाता है। मगर हर कोमल चीज के डोज की भी एक लिमिट होती है। कई बार लोग जड़ी-बूटियों को नुकसान न पहुंचाने वाली समझकर इसके ओवर डोज का शिकार हो जाते हैं यानी इनकी सुरक्षित सीमा से ज्यादा का इस्तेमाल कर लेते हैं। इससे उल्टी, दस्त, सिरदर्द और चक्कर तो आते ही हैं, कई बार लीवर या किडनी भी फेल हो सकती है। इसलिए कभी-भी कोई जड़ी-बूटी तय डोज से ज्यादा न लें।





**कई तरह की हो सकती हैं परेशानियां:** सवाल है जड़ी बूटियों का इस्तेमाल करते हुए किस-किस तरह की सावधानियां बरती जानी चाहिए, जिससे हम इनके नुकसान के जोखिम से बचे रहें? हो सकता है कि किसी विशेष जड़ी-बूटी से किसी व्यक्ति पर कोई प्रभाव न पड़ता हो और किसी को उससे एलर्जी हो जाए। ऐसे में जिसको एलर्जी होती है, उसके लिए यह जड़ी-बूटी त्वचा पर कई तरह के रैशेज डाल सकती है। उसे सांस लेने में परेशानी पैदा कर सकती है या शरीर में सूजन हो सकती है। इसलिए जड़ी-बूटी का इस्तेमाल करते समय किसी जानकार की राय लेना जरूरी है, भले वह जड़ी-बूटी आपके परिवार में पहले किसी और के द्वारा इस्तेमाल की जाती रही हो और उसे इस तरह की कोई परेशानी न हुई हो। कई जड़ी-बूटियां पाचन सुधारने, प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत करने और शरीर की सूजन कम करने में बहुत असरकारक मानी जाती हैं। लेकिन कई बार यही जड़ी-बूटियां किसी ऐसे व्यक्ति के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं, जो पहले अंग्रेजी दवाओं का इस्तेमाल कर रहा हो, क्योंकि ये जड़ी-बूटियां अंग्रेजी दवाओं के असर को बढ़ा या घटा भी सकती हैं।

**तय समय तक करें सेवन:** जड़ी-बूटी को लेकर आमतौर पर उनके दीर्घकालिक उपयोग की धारणा बनी हुई है। लगभग हर आदमी यह समझता है कि जड़ी-बूटियों को लंबे समय तक उपयोग किया जा सकता है, क्योंकि इनमें किसी तरह का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता। पर यह बात सही नहीं है। विशेषकर गर्भावस्था और स्तनपान करा रही महिलाएं अगर इस तरह के भ्रम का शिकार हों और वे लंबे समय से ली जा रही जड़ी-बूटियों को इन विशेष स्थितियों में भी लगातार लेती रहें, तो इनसे परेशानी पैदा हो सकती है। *

## खबर संक्षेप

### नवनियुक्त प्राचार्य दलबीर सिंह का अभिनंदन

**हांसी।** संधि सेतु एलुमनी एसोसिएशन राजकीय महाविद्यालय, हांसी की बैठक राजकीय महाविद्यालय में हुई। एसोसिएशन की ओर से प्रधान सीए परमजीत सिंह व अन्य पदाधिकारियों ने महाविद्यालय के नव नियुक्त प्राचार्य दलबीर सिंह का बुक्के व फूल मालाओं से स्वागत किया। प्राचार्य को एसोसिएशन द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों से अवगत करवाया गया और एसोसिएशन द्वारा भविष्य में किये जाने वाले कार्यों के बारे में भी विचार विमर्श किया गया। बैठक के बाद एलुमनाई के प्रधान सीए परमजीत सिंह ने प्राचार्य व बैठक में भाग लेने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### शहीद मदनलाल ढींगरा का जन्मदिवस मनाया

**हांसी।** शहीद भगत सिंह संगठन समिति द्वारा बुधवार को शहीद मदन लाल ढींगरा का 142वां जन्म दिवस शहीद भगत सिंह पार्क व शहीद मदन लाल ढींगरा पार्क में किशोरी नागपाल के नेतृत्व में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नेहा धवन ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर पार्षद निशु शर्मा, फतेह सिंह गुर्जर, कश्मीरी लाल ग्रोवर, सुभाष महता, मैडम प्रियंका, सन्नी नायक, हरीश पपनेजा, हमेश खुराना, जिले सिंह धूपिया, विजय पाल शास्त्री, राजकुमार जांगड़ा, अजय भारद्वाज शमां मल्होत्रा, हंसराज खेत्रपाल व डॉ. मुन्ना अरोड़ा सहित कई अन्य उपस्थित थे।

### जेईई मेन में तनिषा का शानदार प्रदर्शन

**हिसार।** जीवीएस इंटरनेशनल स्कूल, दुबेटा की छात्रा ने जेईई मेन-2026 में एक बार फिर इतिहास रचा है। तनिषा पुत्री संजय ने स्कूल में पढ़ते हुए बिना किसी कोचिंग के जेईई मेन की परीक्षा ईडब्ल्यूएस केटेगिरी से उतीर्ण की। तनिषा ने 90.94 प्रतिशत अंक हासिल किए। तनीषा का कहना है कि शिक्षकों के सही मार्गदर्शन व कड़ी मेहनत से हर सफलता को पाया जा सकता है। इस मौके पर चेयरमैन सोनू पंघाल, प्रिंसिपल प्रदीप सूरा और वाइस प्रिंसिपल संजय राव ने तनिषा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## तीन दिवसीय 'कोनार्क 26' कार्यक्रम का समापन, प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**स्टार्ट-अप से होकर गुजरता है युवाओं के लिए उद्यमीयता का रास्ता**

# एआई के दौर में तेजी से बदल रही है तकनीक : प्रो. छोकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

**आइडियाथॉन में लोकेश व अंशुल की टीम अव्वल**

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के पंडित दीनदयाल उपाध्याय इनोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर के अंतर्गत आई-कनेक्ट के सौजन्य से चौधरी रणबीर सिंह सभागार में चल रहा तीन दिवसीय 'कोनार्क 26' कार्यक्रम बुधवार को सम्पन्न हो गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति के तकनीकी सलाहकार प्रो. विनोद छोकर समापन समारोह में मुख्य अतिथि रहे। जिन्दल स्टेनलेस के उपाध्यक्ष एवं यूनिट प्रमुख विजय बिंदलेश समारोह के विशिष्ट अतिथि थे, अध्यक्षता पीडीयूआईआईसी के निदेशक प्रो. ओम प्रकाश सांगवान ने की। इस मौके पर पीडीयूआईआईसी के उपनिदेशक प्रो. विमल के. झा उपस्थित रहे। मुख्यातिथि प्रो. विनोद छोकर ने अपने संबोधन मे कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस दौर में तकनीक तेजी से बदल रही हैं। आधुनिक तकनीकों के अनुसार अपने कौशल को विकसित करने वाले युवा ही सफल उद्यमी बन पाएंगे। युवाओं के लिए उद्यमीयता का रास्ता स्टार्ट-अप से होकर गुजरता है। उन्होंने खुशी व्यक्त की कि आधुनिक युवा न केवल स्टार्ट-अप से प्रभावित हो रहे हैं, बल्कि स्टार्ट-अप अपनाकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं।

विशिष्ट अतिथि विजय बिंदलेश ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही है। भारत के इस विकास में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) बेशक वर्तमान में जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित कर रही है, लेकिन इसका सावधानी से उपयोग करना अत्यंत आवश्यक है।



हिसार। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि प्रो. विनोद छोकर।

**परिणाम इस प्रकार रहे**

रूबे गोल्डबर्ग मशीन प्रतियोगिता में विक्की, योगेश, लोकेश व मोहित की टीम प्रथम स्थान पर रही। ब्रेन बेटल्स प्रतियोगिता में संजया कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एआई स्प्रिंट प्रतियोगिता में वैभव गोयल प्रथम स्थान पर रहे। सर्वाइवर्स एरेना प्रतियोगिता में अक्षय गौतम, अनुज गौतम, जतिन राणा व नयन सिंगल की टीम प्रथम रही। क्राउन फॉर कोड प्रतियोगिता में ललित वर्मा, वंशित गौड़ व रणदीप राणा की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। कैड मास्टर्स प्रतियोगिता में दीपक, कार्तिक, साहिल, युवांश अंजना व हर्ष की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आइडियाथॉन प्रतियोगिता में लोकेश कुमार रोहिला व अंशुल रावत की टीम प्रथम, सक्षम सैनी व अक्षित गर्ग की टीम द्वितीय तथा संजू व दीपिका की टीम तीसरे स्थान पर रही। विजनाथॉन प्रतियोगिता में साहिल, कुनाल व भरत की टीम ने पहला, कुलदीप सैनी, संदीप कुमार व सक्षम सैनी की टीम ने दूसरा तथा प्रत्यक्ष वार्शनी, निधि शर्मा, वैभव सिंह व मानसी देवी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सस्टेन टेक हैकाथॉन प्रतियोगिता में संदीप कुमार, जतिन, यंशु व रोहित की टीम प्रथम तथा शुभम कुमार, मयूर शिवनाथ गिरसे, रिशभ गुप्ता व वघेला मितालबा की टीम द्वितीय स्थान पर रही।

## जनता के सुझाव से बजट तैयार करना हर नागरिक का सम्मान



**हिसार।** भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने मुख्यमंत्री की उस घोषणा को सराहनीय बताया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि जनता के सुझाव से प्रदेश का बजट तैयार होगा। उन्होंने कहा कि यह घोषणा सबका साथ, सबका विकास के दावे को सार्थक करती है। डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का यह प्रयास व घोषणा सराहनीय है कि वे जनता के सुझाव के अनुसार प्रदेश का बजट तैयार कर रहे हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों में कार्यक्रम करके सुझाव लिए हैं वहीं आनलाइन माध्यम से सुझाव आमंत्रित किए थे। मुख्यमंत्री का प्रयास है कि प्रदेश के बजट में हर नागरिक की भागीदारी हो और उसके सुझावों के अनुसार ही बजट तैयार किया जा सके। इससे प्रदेश के विकास में मदद मिलती है और नागरिकों को भी सम्मान मिलता है कि कोई सरकार उनके सुझावों से बजट तैयार कर रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रदेश का बजट जनता के सुझावों व आशा के अनुरूप राहत देने वाला होगा।

## धोखाधड़ी करने पर दो युवक किए गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** यूपीआई आधारित ऑनलाइन फ्रॉड के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान बंटी कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी और मुकेश कुमार रामचन्द्र निवासी जिला कुरूक्षेत्र के रूप में हुई है। आरोपियों के कब्जे से नगदी भी बरामद की गई है। साइबर क्राइम फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल देव ने बताया कि इस बारे पुलिस ने बलजिंद्र सिंह पुत्र जसबीर सिंह निवासी हिजरावां कलां की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके मोबाइल नंबर पर कॉल करके उसे पैरा मेरिक लाइफ इंश्योरेंस कंपनी का कर्मचारी बताकर कई बैंक खातों में 4 लाख 46 हजार 882 रुपये जमा करने के लिए कहा गया। शिकायतकर्ता के पैसे जमा करने के बाद भी आरोपी उससे लगातार और रकम मांगते रहे और कोई पैसा वापस नहीं किया। इस मामले में साइबर थाना फतेहाबाद पुलिस ने केस दर्ज किया और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## श्रीमद्भागवत कथा आत्मसात करने से जीवन में आता है सकारात्मक बदलाव

- बीड़ बबरान धाम के आठ दिवसीय 53वें बबरान नरेश प्रकटोत्सव व श्रीमद भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

महाभारतकालीन बीड़ बबरान धाम में शुरू हुए आठ दिवसीय 53वें बबरान नरेश प्रकटोत्सव व श्रीमद भागवत कथा में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। भक्तों ने श्याम बाबा के दरबार में माथा टेककर अपने इष्ट की आराधना की और धाम में स्थापित अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन किए। कथा व्यास कुमार शैलेंद्र पाराशर महाराज ने श्रीमद भागवत कथा को समझने व आत्मसात करने का आह्वान किया।

कुमार शैलेंद्र पाराशर जी ने भागवत के महात्म्य से साक्षात्कार करवाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि श्रीमद भागवत कथा को सुनने वाले इंसान के जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है। इसलिए भागवत कथा को श्रवण करने के साथ ही उसे आत्मसात भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देखा जाए तो भागवत कथा सभी धर्मग्रंथों का निचोड़ है और मानव जीवन का सार है। यह केवल भगवान श्रीकृष्ण की कथा नहीं बल्कि भक्तों की आस्था और प्रेम की कथा है। कथा व्यास कुमार शैलेंद्र पाराशर ने कहा कि भागवत कथा इंसान के चित्त की शुद्धि करने वाली और भक्ति व ज्ञान का संगम मानी जाती है। भागवत कथा श्रवण करने से मन का संशय दूर होता है और मानसिक शांति मिलती है। भागवत में ज्ञान, भक्ति और वैराग्य का अनुपम मिश्रण है, जो मनुष्य के लौकिक व आध्यात्मिक विकास में सहायक होता है। श्रीमद भागवत कथा में प्रथम दिवस श्री श्याम भक्त विनोद गोयल (सिरसा) व श्री श्याम भक्त कामेश सिंगल (हिसार) यजमान रहे। इस अवसर पर प्रधान शिव कुमार सिंगल, राजा शर्मा (घिराय), रामशरण सिंगल, अरविंद शर्मा, मनीष बंसल, कुलविंद्र बीड़ बबरान व बीड़ बबरान के सरपंच देवेंद्र नैन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



हिसार। बीड़ बबरान धाम में श्रीमद भागवत कथा करते कथा व्यास कुमार शैलेंद्र पाराशर महाराज व उपस्थित श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

## इनेलो के बढ़ते दबाव में बुजुर्गों की पेंशन की बहाल : दलबीर



**हिसार।** इनेलो के प्रदेश सचिव दलबीर किरमारा ने कहा है कि हरियाणा में बुजुर्गों की रोकी हुई पेंशन बहाल करने के मुख्यमंत्री का ऐलान इनेलो की ओर से किए जाने वाले प्रदर्शन के दबाव का परिणाम है। यदि इनेलो इस प्रदर्शन का ऐलान नहीं करती तो कतई संभव नहीं था कि सरकार ऐसा करे क्योंकि पेंशन लगातार काटी ही जा रही थी। दलबीर किरमारा ने कहा कि अधिक आय दिखाकर प्रदेश के बुजुर्गों की लगातार पेंशन काटी जा रही थी और बुजुर्ग व उनके परिजन सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगा रहे थे।

बुजुर्गों की परेशानी को देखते हुए इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय सिंह चौटाला ने 20 फरवरी को पंचकूला में प्रदर्शन करने की घोषणा की थी। इसी वजह से सरकार पर दबाव बढ़ा और बढ़ते दबाव के बीच मुख्यमंत्री को यह घोषणा करनी पड़ी कि किसी भी बुजुर्ग की पेंशन नहीं काटी जाएगी। यही नहीं, मुख्यमंत्री ने दो तीन माह से रोकी गई पेंशन भी जारी करवा दी।

## रक्तदान एक अत्यंत पवित्र, निःस्वार्थ व सर्वोच्च मानवीय कर्तव्य : डॉ. अजय

- भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज के रक्तदान उत्सव में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में एनएसएस यूनिट द्वारा एक प्रेरणादायक रक्तदान उत्सव का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि शहर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अजय सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अपने संबोधन में डॉ. अजय सिंह ने छात्राओं एवं स्टाफ के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान एक अत्यंत पवित्र, निस्वार्थ और सर्वोच्च मानवीय कर्तव्य है, जो किसी जरूरतमंद को नया जीवन प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल किसी का जीवन बचाता है, बल्कि रक्तदाता को आत्मिक संतोष और सामाजिक उत्तरदायित्व की अनुभूति भी कराता है। महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान ने कहा कि रक्तदान के माध्यम से अनेक जिंदगियां ट्रांसफ्यूजन द्वारा बचाई जा सकती हैं। महाविद्यालय डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा ने इसे सामाजिक सरोकारों से जुड़ा महान कार्य बताते हुए छात्राओं के उत्साह को अनुकरणीय बताया।शिविर में अग्रोहा मेडिकल, कॉलेज की टीम ने डॉ. ऋचा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक रक्त संचयन किया। मुख्यातिथि द्वारा सभी रक्तदानियों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा सहित संपूर्ण स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति रही।



हिसार। रक्तदाताओं से मुलाकात करते अतिथि एवं कॉलेज प्रबंधन।

### 27वीं बार रक्तदान पर अमन सम्मानित



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्र अमन कुमार को हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने राज्य स्तरीय उत्कृष्ट स्वैच्छिक रक्तदाता पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए प्रदेश भर से तीन युवाओं का चयन किया गया था।विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने इस उपलब्धि के लिए अमन कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। कुलपति प्रो. काम्बोज ने बताया कि यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि निःस्वार्थ भाव से किए जाने वाले उस महान कार्य की पहचान है, जो दूसरों की जिंदगी बचाने में सहायक होता है। डॉ. चन्द्रशेखर डागर ने बताया कि छात्र अमन अब तक 27 बार रक्तदान कर चुका है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार के सराहनीय कार्यों से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलती है जो समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर डॉ. एसके पाहुजा भी उपस्थित रहे।



हांसी। गोल्डन जुबली समारोह में आयोजित रस्साकशी में भाग लेते अभिभावक।

### हेरोइन सहित युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए टोहाना पुलिस ने एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। थाना सदर टोहाना प्रभारी शादी राम ने बताया कि पुलिस टीम नियमित गश्त पर थी। जब टीम अक्कांवाली से गुलरवाला रोड की ओर नहर पुल के समीप पहुंची, तो पुल के किनारे खड़ा एक युवक पुलिस वाहन को देखकर घबराकर तेजी से आगे बढने लगा। संदेह के आधार पर युवक को काबू कर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने अपना नाम सुखविंद्र उर्फ कालिया पुत्र पोनी पुत्र दलबारा राम निवासी तिलक नगर, टोहाना बताया। पुलिस ने जब युवक की तलाशी ली तो उसके पास से 9.18 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

**शिक्षकों ने विद्यार्थियों को दीं शुभकामनाएं**

## इंडस आरपीएस स्कूल के विद्यार्थी जेईई मेन्स में छाए

- चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने कहा– यह सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत



**हिसार।** इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स (2026) परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के होनहार छात्र-छात्राओं विशेष, यशदीप, नवनीत, मानसी व अन्य छात्रों ने विशेष रूप से जेईई मेन्स का पेपर सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया। उनकी इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय में खुशी का माहौल है। चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने भी सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने अभिभावकों और शिक्षकों को भी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। विद्यालय के प्राचार्य डॉ सुभाष चंद्र राजपूत ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम उनकी कड़ी मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी उन्हें हर संभव सहयोग प्रदान करता रहेगा।



### शहीद मदनलाल ढींगड़ा की जयंती मनाई

**हिसार।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पंजाबी कल्याण मंच, अखिल भारतीय सेवा संघ व भगवान परशुराम जन सेवा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमर शहीद मदन लाल ढींगड़ा की जयंती बड़े ही हर्ष व उल्लास के साथ ढींगड़ा प्रतिमा स्थल पर मनाई गई। सर्वप्रथम मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ किया गया। इसके पश्चात पुष्प माला व फूल अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली मुख्य अतिथि, प्रमुख समाजसेवी एच.के. शर्मा व प्रसिद्ध समाजसेवी सीए पवन गिरधर मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित हुए। इस अवसर पर पंजाबी कल्याण मंच के मुख्य संरक्षक वेद रावल, पूर्व सरपंच गुलजार सिंह काहलो, पूर्व पार्षद मनोहर लाल नांगरू, पंकज दीवान, उमेद खन्ना, इंद्र शर्मा, वी.एल. शर्मा, एच.के. धमीजा, सुभाष कुकड़ेजा, आर.डी.अरोड़ा, जगदीश नागपाल, मदन पपनेजा, जी.सी. नारंग, भगवान दास कक्कड़ आदि मौजूद थे।

**हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल की गोल्डन जुबली पर खेल समारोह**

## आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल की गोल्डन जुबली के उपलक्ष्य में विद्यालय प्रांगण में खेल समारोह का आयोजन किया गया। खेल समारोह में हांसी ब्लॉक-1 के बीईओ सुनील शर्मा, डीएसपी हांसी रविन्द्र सांगवान ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। विद्यालय प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि विद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी 50 वर्षों की गौरवपूर्ण सेवा पूर्ण कर ली है। पिछले पांच दशकों से हिंदू स्कूल हांसी क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्यों और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त केंद्र रहा है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने संस्थापक स्वर्गीय मुंशी राम गरसा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने दौड़, रिले रेस, लंबी कूद, ऊंची कूद एवं अन्य खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अनुशासन, टीम भावना और खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

मुख्य अतिथि सुनील शर्मा ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न अंग है और यह बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं सकारात्मक सोच का विकास करता है। समारोह का विशेष आकर्षण अभिभावकों के लिए आयोजित खेल प्रतियोगिताएं रहीं। प्रतियोगिता के विजेता अभिभावकों को मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।



हांसी। खेल समारोह में विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि सुनील शर्मा व डीएसपी रविन्द्र सांगवान

**रोका रस्म हुई पूरी, दोनों परिवारों के सदस्य हुए शामिल**

## आईएएस हिमांशु आईआरएस ऊर्जा के साथ बंधेंगे शादी के बंधन में

**हिमांशु वाराणसी में तो ऊर्जा जैन नोएडा में है तैनात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

आईएएस अधिकारी हिमांशु नागपाल जल्द ही शादी के बंधन में बंधेंगे। उत्तरप्रदेश के नोएडा में तैनात आईआसर अधिकारी ऊर्जा जैन से उनकी शादी होगी। ऊर्जा इनकम टैक्स विभाग में जॉइंट कमिश्नर हैं और उनका यूपी कैडर है जबकि हिमांशु फिलहाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में नगर निगम कमिश्नर के पद पर तैनात हैं। हांसी में हिंमाशु नागपाल के घर शादी के लिए रोका रस्म हुई। इसमें दोनों अधिकारियों के परिवार शामिल हुए। हिमांशु नागपाल के पिता पंकज नागपाल पेशे से पत्रकार हैं। अब हिमांशु नागपाल की शादी का जिम्मा भी उन्होंने खुद उठाया है। पंकज नागपाल का कहना है कि जल्द शादी की तारीख तय होगी।



### हिमांशु-ऊर्जा जैन दोनों पहले से एक-दूसरे से हैं परिचित

ऊर्जा मूलरूप से महाराष्ट्र के औरंगाबाद की रहने वाली हैं। मुंबई में पढ़ाई लिखाई की है। हिमांशु नागपाल 2019 बैच के टॉपर रहे हैं। हिमांशु ने ऑल इंडिया 26वीं रैंक हासिल की थी। वहीं ऊर्जा जैन ने 2022 में 519वीं रैंक हासिल की थी। पंकज नागपाल ने बताया कि हिमांशु और ऊर्जा जैन दोनों एक दूसरे को पहले से ही जानते हैं। ट्रेनिंग के दौरान ऊर्जा बेटे पंकज से एजुकेशनल टिप्स लेती रहती थी। इसके बाद हिमांशु ने उनको बताया कि उसे ऊर्जा जैन पसंद है। इसके बाद मैंने ऊर्जा के परिवार से बातचीत की। इसके बाद ऊर्जा का परिवार भी दोनों के रिश्ते के लिए राजी हो गया। हिमांशु ने हांसी के श्री काली देवी विद्या मंदिर से बारहवीं में टॉप किया था। उसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज से बीकॉम की। उन्हें सीए की लेवल-टू की परीक्षा में भी देश भर में नौवीं रैंक मिली थी। स्कूली पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने आईएएस बनने का टारगेट फिक्स किया था। स्कूलिंग खत्म होते ही यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी। दिल्ली के एक सेंटर से कोचिंग भी ली। हिमांशु दिवाली और होली के त्योहार पर भी घर पर न आकर परीक्षा की तैयारी करते थे।ऊर्जा जैन भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी हैं, जिन्होंने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा में 519वीं रैंक प्राप्त की थी। ऊर्जा जैन का सिविल सेवा में जाने का लक्ष्य 10वीं कक्षा में ही तय हो गया था। उन्होंने 12वीं कक्षा नाथ वैली स्कूल से पूरी की। इसके बाद मुंबई के सोफिया कॉलेज फॉर वुमेन से बीए (इकोनॉमिक्स) में ग्रेजुएशन किया। वे औरंगाबाद के एक प्रतिष्ठित परिवार से हैं। उनके पिता विकास जैन मेयर रह चुके हैं। मां अल्पा जैन पार्षद रही हैं।

## खबर संक्षेप

### बायोफीडबैक व न्यूरोफीडबैक विषय पर हुई कार्यशाला

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की ओर से मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और आत्म-नियंत्रण कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बायोफीडबैक एवं न्यूरोफीडबैक टूल्स पर विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कॉन्शियस माइंड सोलूशन्स, नोएडा की अपर्णा झा एवं विक्रांत भार्गव कार्यशाला के मुख्य वक्ता रहे। अध्यक्षता एवं स्वागत विभागाध्यक्ष डा. संजय कुमार ने किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्रों को तनाव, चिंता एवं मानसिक दबाव को स्वयं प्रबंधित करने के वैज्ञानिक और व्यावहारिक तरीकों से परिचित कराना था। कार्यशाला में डॉ. स्नेहा मित्तल, प्रो. मंजू, डॉ. गोबिंद यादव, गोविंद वर्मा, डा. बिन्दु, खुशी आदि उपस्थित रहे।

### चुराया गया सामान किया बरामद

**हांसी।** सीआईए पुलिस ने बंद आवास में चोरी करने वाले आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर चुराया सामान बरामद किया है। सीआईए नारनौंद में तैनात मुख्य सिपाही कुलदीप सिंह ने बताया कि प्रोडक्शन वारंट पर लिए गए आरोपी ने 8 जनवरी को सैनीपुरा निवासी पवन कुमार के बंद आवास का ताला तोड़कर सामान चोरी कर लिया था। पुलिस ने पवन की शिकायत पर शहर थाना में चोरी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था और दौरान-ए-तफ्तीश आरोपी चार कुतुब गेट निवासी प्रदीप उर्फ लाला को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया। रिमांड के दौरान आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए 500 रुपये बरामद किए गए। प्रोडक्शन अवधी समाप्त होने के उपरांत आरोपी को अदालत में पेश कर पुनः न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### फ्री शिविर में की 180 नेत्र रोगियों की जांच

**हांसी।** लायन्स क्लब द्वारा बुधवार को लायन सेवा सदन में वेणु आई अस्पताल, नई दिल्ली के तकनीकी सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर लक्ष्मी नारायण शान्ति देवी मैमोरियल ट्रस्ट के सहयोग से सम्पन्न हुआ। लायन क्लब प्रधान संजय बंसल ने बताया कि शिविर में 180 नेत्र रोगियों की आंखो की जांच की गई। और जांच के उपरान्त 28 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि होने पर उन्हें फ्री ऑपरेशन के लिए दिल्ली ले जाया गया। ऑपरेशन का खर्च लायंस क्लब द्वारा वहन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला गर्वनर लायन विशाल वढेरा, द्वितीय वाइस डीजी लायन महेश बंसल, लायन सुरेश बंसल, अशोक बंसल, ज्ञान पोपली, अशोक भुटानी, जुगल ग्रोवर, भूषण मेहन्दीरत्ता, महेन्द्र पुष्करणा, मदन पाहवा, दीपक मित्तल, लुकेश भुटानी, गोपाल कृष्ण मुंजाल और बजरंग गर्ग सहित कई अन्य मौजूद थे।

### यूजीसी के खिलाफ 26 को जींद में भरेंगे हुंकार

**नारनौंद।** यूजीसी के खिलाफ लोग एकजुट होकर आंदोलन की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। इसी कड़ी में नारनौंद में प्रदर्शन का न्योता देने आए जींद ब्राह्मण महासभा के पूर्व प्रधान राजेश और प्रवक्ता नीरज वत्स ने बताया कि जींद में भी यूजीसी के खिलाफ हुंकार भरी जा रही है। उन्होंने हलका नारनौंद के स्वर्ण समाज से अपील की कि 26 फरवरी को भारी संख्या में जींद पहुंचकर सहयोग करें। सभी नेहरू पार्क में इकट्ठे होकर फैसला लेंगे और यूजीसी के खिलाफ हुंकार भरने का काम करेंगे। इस अवसर पर ब्राह्मण सतरोल प्रधान रामावतार, पार्षद टेकराम, दीपक शर्मा, कृष्ण,रुद्राक्ष, बिल्लू, कुलदीप डाका और रामनिवास पहलवान आदि मौजूद रहे।

## ज्वेलर्स, बैंक अधिकारियों और ठेकेदारों को निर्देश

# ज्वेलरी शॉप, बैंकों और ठेकों में उच्च गुणवत्ता के कैमरे लगवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

उप पुलिस अधीक्षक कमलजीत ने कहा है कि नागरिकों के जान माल की सुरक्षा हमारी प्रमुखता होनी चाहिए। सभी ज्वेलरी शॉप, बैंकों और शराब के ठेकों में अच्छे एवं उच्च गुणवत्ता के सीसीटवी कैमरे लगवाएं और यह भी सुनिश्चित करें कि वो सभी चालू हालत में हो।

उप पुलिस अधीक्षक कमलजीत बुधवार को ज्वेलर्स, बैंक अधिकारियों और शराब ठेकेदारों के साथ बैठक कर रहे थे। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक ने बैंक अधिकारियों, ज्वेलर्स और शराब ठेकेदारों से रूबरू होकर पिछली बैठक में उठाए गए बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि समय-समय पर कैमरों की जांच करते रहे और अगर कोई कैमरा खराब हो जाए तो बिना देरी के उसकी मरम्मत करवाए।

सीसीटीवी का बैकअप अवश्य रखें। सीसीटीवी की डीवीआर की सेफ्टी सुनिश्चित करें। डीवीआर के डेटा को ऑनलाइन भी सुरक्षित करें।

### ज्वेलर्स ने बताई समस्या

बैठक के दौरान ज्वेलरी शॉप के मालिकों ने उप पुलिस अधीक्षक को ट्रैफिक समस्या के बारे बताया। इस पर उप पुलिस अधीक्षक ने उन्हें आश्वासन देते हुए कहा कि इस संबंध में व्यापारियों और प्रशासन के बीच बैठक करके समाधान करेंगे। साथ ही शहर थाना प्रबंधक और ट्रैफिक थाना प्रभारी को बाजार में ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने के बारे निर्देश दिए। इस बैठक में बैंक और ज्वेलरी एसोसिएशन, शराब ठेकेदार के सदस्य मौजूद रहे।

### किराएदार-नौकरों की वेरिफिकेशन के लिए एडवाइजरी जारी

**हांसी।** पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने आमजन से अपील की है कि सुरक्षा की दृष्टि के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने किरायेदारों व नौकरों की वेरिफिकेशन जरूर करवाएं। जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए किराएदार, नौकर व बाहर से आने वाले मजदूरों की वेरिफिकेशन करवाना जरूरी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घरों में रह रहे किरायेदारों, फैक्ट्री, होटल व ढाबा इत्यादि पर काम कर रहे व्यक्तियों की पुलिस वेरीफिकेशन जरूर करवाएं। क्योंकि कुछ अपराधी किस्म के लोग बाहर से आकर किराए पर रहकर अपराधों को अंजाम देकर भाग जाते हैं। कड़ी सुरक्षा के तहत इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए किराएदार व नौकरों का रिकार्ड सत्यापन जरूर करवाकर संबंधित पुलिस थाना में रिकॉर्ड जमा करवाने में पुलिस का सहयोग करें।



हिसार। ड्रा के अवसर पर मौजूद जिला स्तरीय कार्यकारी कमेटी के अध्यक्ष विकास यादव व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# ट्रैक्टर अनुदान के लिए 67 किसानों का चयन, इतने ही वेटिंग लिस्ट में

- अनुसूचित जाति के किसानों के लिए 3 लाख रुपये प्रति ट्रैक्टर अनुदान के लिए हुआ ड्रा
- चयनित किसानों को 24 फरवरी तक जमा करवाने होंगे दस्तावेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

लघु सचिवालय के जिला सभागार में कृषि तथा किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान स्टेट प्लान स्कीम के अंतर्गत अनुसूचित जाति के किसानों के लिए 3 लाख रुपये प्रति ट्रैक्टर अनुदान के लिए ड्रा का आयोजन किया गया।

ड्रा की प्रकिया जिला स्तरीय कार्यकारी कमेटी के अध्यक्ष विकास यादव की अध्यक्षता में ऑनलाइन पूर्ण की गई। इस ड्रा में 67 किसानों का चयन किया गया है जबकि 67 किसानों को प्रतीक्षा सूची में रखा गया है।

सहायक कृषि अभियंता गोपीराम ने बताया कि ड्रा में चयनित किसानों को आवेदन फार्म की प्रति, परिवार पहचान पत्र की प्रति, मेरी फसल मेरा ब्यौरा पंजीकरण की प्रति, पटवारी की मोहर एवं हस्ताक्षर की गई जमीन की फर्द की प्रति जो 6 महीने से अधिक पुरानी नही होनी चाहिए, अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र की प्रति, पैन कार्ड, आधार कार्ड तथा मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर दर्ज बैंक खाते की प्रति आदि दस्तावेज 24 फरवरी तक सहायक कृषि अभियंता के कार्यालय में जमा करवाने होंगे। सभी दस्तावेजों पर किसान के हस्ताक्षर होना आवश्यक है। दस्तावेज जमा करवाने में असफल रहने पर प्रतीक्षा सूची वाले किसानों को मौका दिया जाएगा।

इस अवसर पर कृषि उपनिदेशक राजवीर सिंह, सहायक कृषि अभियंता गोपी राम, सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी अरुण यादव, अग्रणी बैंक प्रबंधक विनोद कुमार, कृषि विज्ञान केंद्र से वैज्ञानिक कुलदीप सिंह, फार्म पावर मशीनरी के एचओडी स्वपनिल चौधरी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।



हिसार। कार्यक्रम में उपस्थित प्राचार्य विवेक सैनी, छात्राएं एवं अन्य स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### आर्ट वर्कशॉप जैसे आयोजनों से मिलता अपने कौशल को विकसित करने का अवसर : डॉ. सैनी

हिसार। गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ, रक्षा अध्ययन विभाग और वाणिज्य विभाग की ओर से दो दिवसीय आर्ट वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप में लिप्पन आर्ट, स्ट्रिंग आर्ट और अन्य हस्तशिल्प गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। वर्कशॉप में छात्राओं को पारंपरिक और हस्तनिर्मित कला को छोटे व्यवसाय, स्वरोजगार और स्टार्ट-अप में बदलने के अवसरों के बारे में जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्राओं को अपने कौशल को विकसित करने और आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलता है। उन्होंने छात्राओं को भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। मीडिया प्रभारी डॉ. राजेंद्र सेवदा ने बताया कि इस वर्कशॉप में महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. नेहा बिश्नोई के साथ रक्षा अध्ययन विभागाध्यक्ष डॉ. स्नेह लता, डॉ. कमलेश ख्यालिया, डॉ. सीतू राणा, डॉ. पुष्पा, डॉ. सरिता, प्रियंका, डॉ. पंकज गिल, डॉ. सोनिया, और डॉ. किरण सैन की उपस्थिति में छात्राओं ने उत्साह और रुचि दिखाई और अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

# माइग्रेशन के लिए मोर्चे पर डटी रहीं नर्सिंग छात्राएं बारिश के चलते धरना विधायक कार्यालय में शिफ्ट

- विधायक भयाना ने दिया था माइग्रेशन करवाने का आश्वासन, सर्टिफिकेट मिलने तक धरना जारी रखने पर अड़ीं छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

माइग्रेशन की मांग को लेकर पिछले 6 दिन से विधायक आवास के बाहर धरने पर बैठी नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं का धरना मंगलवार रात मौसम बदलने और बूंदाबांदी के कारण विधायक कार्यालय परिसर में स्थानांतरित कर दिया गया। छात्राओं ने अपने गद्दे और अन्य सामान विधायक आवास से सटे कार्यालय के अंदर रख वहां धरना जारी रखा। छात्राओं का कहना था कि जब तक उन्हें माइग्रेशन सर्टिफिकेट नहीं मिल जाता तब तक उनका धरना जारी रहेगा। खराब मौसम या प्रतिकूल परिस्थितियों में भी उनका धरना जारी रहेगा और माइग्रेशन सर्टिफिकेट व कालेज अलाटमेंट मिलने के बाद ही धरना समाप्त किया जाएगा।



हांसी। बरसात के दौरान विधायक आवास के बाहर तैनात पुलिस कर्मी।

### धरना स्थल पर लगा टेंट अभी भी वहीं मौजूद

खराब मौसम व बरसात के चलते माइग्रेशन की मांग को लेकर धरने पर बैठी छात्राओं ने मंगलवार रात को अपना स्थल टैंट से विधायक कार्यालय में स्थानांतरित कर लिया और कार्यालय में गद्दे लगा लिए। बुधवार सुबह छात्राएं विधायक कार्यालय में ही बैठी नजर आईं। उनका कहना है कि बारिश के कारण उन्हें अस्थायी रूप से धरना स्थल बदलना पड़ा है, लेकिन उनकी मांगें अब भी वही हैं। छात्राओं ने स्पष्ट किया कि जब तक कॉलेज अलॉटमेंट की आधिकारिक मेल नहीं आती, वे धरना समाप्त नहीं करेंगी। बता दें कि विधायक विनोद भयाना के आवास के बाहर पिछले शुक्रवार से धरना जारी है।

### छात्राएं विधायक कार्यालय में चौकसी के लिए पुलिस तैनात

*खराब मौसम व बरसात के चलते विधायक आवास के बाहर धरने पर बैठी छात्राएं रात को अपना धरनास्थल बदल विधायक कार्यालय में अंदर चली गई। विधायक विनोद भयाना ने स्वयं छात्राओं को खराब मौसम को देखते हुए अपने कार्यालय को छात्राओं के लिए खोल दिया तथा अन्य छात्राओं से गद्दे या रजाई के बारे में पूछा। हालांकि खराब मौसम के दौरान विधायक आवास की चौकसी के लिए बाहर पुलिस तैनात रहा। बता दें कि नर्सिंग कॉलेज के बाहर धरने पर बैठी छात्राओं को विधायक विनोद भयाना ने छात्राओं को आश्वासन देकर धरना समाप्त करवाया था कि मुख्यमंत्री से उनके माइग्रेशन की मंजूरी मिल चुकी है और जल्द ही कॉलेज अलॉटमेंट भी जारी कर दिए जाएंगे। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी जब माइग्रेशन सर्टिफिकेट नहीं मिलने पर छात्राओं ने विधायक विनोद भयाना के आवास के बाहर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया था।*

# हांसी के 11 गांव जल्द घोषित होंगे टीबी मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

जिले के 11 गांवों में फिलहाल एक भी टीबी का मरीज नहीं है। जल्द ही इन गांवों को टीबी (ट्यूबरकुलोसिस) मुक्त ग्राम घोषित किया जाएगा। इसके लिए प्रस्ताव सरकार को भेज दिया गया है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस दिशा में सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं तथा प्रस्ताव राज्य सरकार को भेज दिया गया है। राज्य स्तर से स्वीकृति मिलते ही इन गांवों को औपचारिक रूप से टीबी मुक्त ग्राम घोषित कर दिया जाएगा।

एसएमओ डॉ राहुल बुद्धिराजा ने बताया कि 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2025 तक जिला भर में एक विशेष अभियान चलाया गया था। अभियान के दौरान आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम, स्वास्थ्य निरीक्षकों और चिकित्सकों की टीमों ने घर-घर जाकर सर्वे किया, संदिग्ध मरीजों की जांच करवाई और उपचार को प्राथमिकता दी। इस अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। जिला के ढाणी पिरान, ढाणी ठाकरिया, ढाणी गुजरान, रोशन खेड़ा, ढाणा खुर्द, ढाणी कुमारन, बांडा हेडी, देपल, डढेरी तथा ढाणी कुतुबपुर ग्राम पंचायतें अब पूरी तरह से टीबी मुक्त हो चुकी हैं। इन गांवों में किसी भी सक्रिय टीबी रोगी का मामला नहीं है।

# राखी बारह खाप ने एसएसबी असिस्टेंट कमांडेंट डॉ. अरुण चौधरी को उल्लेखनीय कार्यों के लिए किया सम्मानित

- हाल ही में जम्मू-कश्मीर पुलिस महानिदेशक प्रशंसा मेडल से भी किया गया था सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

राखी बारह खाप ने एसएसबी के असिस्टेंट कमांडेंट डॉ. अरूण चौधरी को उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया है। उनका गांव बुडाना राखी बारह खाप क्षेत्र में आता है। खाप के पदाधिकारी बुधवार को उनके लाजपत नगर स्थित आवास पर पहुंचे और सम्मानित किया। डॉ. अरुण चौधरी को हाल ही में जम्मू-कश्मीर पुलिस महानिदेशक प्रशंसा मेडल से सम्मानित किया गया था।

सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में तैनात असिस्टेंट कमांडेंट डॉ. अरुण चौधरी ने अपनी कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट सेवाओं से क्षेत्र का मान बढ़ाया है। डॉ. अरुण चौधरी ने विधानसभा चुनाव 2024 और श्री अमरनाथ जी यात्रा 2025 के दौरान उत्कृष्ट डॉक्टरी सहायता और परिचालन तत्परता के लिए कई बार 'कमेंडेशन रोल' से सम्मानित किया गया है।

उनकी व्यवसायिक कुशलता का प्रमाण तब दिखा जब उन्होंने एक गंभीर रूप से बीमार जवान का विषम परिस्थितियों में सफल इलाज कर उसकी जान बचाई थी। सम्मान कार्यक्रम में राखी बारह खाप के प्रधान रतन मिलकपुर और पूर्व प्रधान सुरेश कोथ ने बताया कि उनको डॉ. अरुण चौधरी पर गर्व हैं।

उन्होंने पूरी खाप का मान बढ़ाया है और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कम सेवा काल में डॉ. अरूण को जम्मू-कश्मीर पुलिस महानिदेशक प्रशंसा मेडल से सम्मानित किया गया, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है, इसलिए पूरी खाप पंचायत उनको घर पर सम्मानित करने पहुंची है। कार्यक्रम में उपप्रधान उदयबीर ढांडा, पूर्व जिला पार्षद रमेश श्योराण, सुनील सिवाच (बुड़ाना), सुरेश नाड़ा, दयानंद गैबीनगर, वेदपाल सिवाच, जॉनी मास्टर, जय ढांडा, कैप्टन टीकाराम और जाट एजुकेशनल सोसायटी के प्रधान दिलदार पूनिया सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर डॉ. अरुण चौधरी ने इस सम्मान को अपने दादा, स्वर्गीय चौधरी चन्द्र सिंह को समर्पित किया।



नारनौंद। डॉ. अरुण चौधरी को सम्मानित करते बाहरा खाप के प्रधान रतन मिलकपुर व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### राष्ट्र सेवा और न्याय के प्रति समर्पित परिवार

*डॉ. अरुण चौधरी का परिवार राष्ट्र सेवा और न्याय के प्रति पूरी तरह समर्पित है। डॉ. अरुण की धर्मपत्नी डॉ. लीला भी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) में ही असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर राष्ट्र की सेवा कर रही हैं। उनके भाई वरुण चौधरी कानून के क्षेत्र में सक्रिय हैं और एक वकील के रूप में कार्यरत हैं।*

### पार्षद ज्योति बंसल के पिता का. मदन लाल का निधन

**बरवाला।** नगर परिषद बरवाला वार्ड नंबर 14 की पार्षद ज्योति बंसल के पिता कामरेड मदन लाल (58) का बीमारी के चलते निधन हो गया है। उनके निधन पर नगर परिषद चेयरमैन रमेश बैटरीवाला समेत समस्त पार्षदों और समाजसेवी, धार्मिक व राजनैतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उनके आवास पर पहुंचकर गहरा शोक व्यक्त किया है।

# महक को दी श्रद्धांजलि, भावुक परिवार ने हत्यारोपी के लिए मांगी कड़ी सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

उमरा गेट स्थित जय भारत मंडल में बुधवार को मृतका महक की शोक सभा आयोजित की गई, जिसमें हांसी और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सभा में दिवंगत महक को श्रद्धांजलि दी गई और शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी गई।

महक हांसी के तिकोना पार्क के सेठी चौक क्षेत्र के कृष्ण कथूरिया की बेटी थी। वह तीन भाई-बहनों में सबसे छोटी थी। उनके पिता सब्जी मंडी में कार्य करते हैं, जबकि भाई निजी कंपनी में नौकरी करता है। शोक सभा के दौरान माता-पिता और भाई-बहनों का रो-रोकर बुरा हाल था। उपस्थित लोगों ने इस हृदयविदारक घटना की कड़े शब्दों में निंदा की। तथा महक के पति को सख्त से सख्त सजा दिलवाने की मांग की। महक की शोक सभा में विधायक विनोद भयाना की अनुपस्थिति में उनके पुत्र साहिल भयाणा शोक सभा में पहुंचे और महक को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाते हुए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। परिवार से मिली जानकारी के अनुसार, महक की अरेंज मैरिज 25 सितंबर 2025 को हिसार के सेक्टर-33 के अंशुल धवन के साथ हुई थी।



हांसी। श्रद्धांजलि समारोह में बेसुध हुई मां को संभालते परिजन। फोटो : हरिभूमि

### 15 फरवरी को पति ने हत्या कर दी थी

परिजनों के अनुसार, 14 फरवरी (वेलेंटाइन डे) को दोनों हिसार गए थे और वहां रुकने के बाद 15 फरवरी को हांसी में महक के मायके आए थे। और परिवार से मिलने के बाद हांसी से गुरुग्राम के लिए रवाना हुए थे। इसी बीच झज्जर के समीप उसके पति ने कैंची से गला रेतकर महक की हत्या कर दी थी। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है

## जिला बनने के बाद हांसी को मजबूत रेल नेटवर्क की जरूरत : भयाना

# हांसी जंक्शन पर ट्रेनों के ठहराव और विस्तार के लिए विधायक ने रेल मंत्री को भेजा पत्र

> अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत प्रगति पर है स्टेशन के नए भवन का निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

हांसी जंक्शन पर ट्रेनों के ठहराव एवं रेल सेवाओं के विस्तार को लेकर विधायक विनोद भयाना ने बुधवार को रेल मंत्री को पत्र भेजा है। यह जानकारी देते हुए विधायक विनोद भयाना ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा हांसी को प्रदेश का 23वां जिला घोषित किए जाने के बाद यहां रेल सुविधाओं का विस्तार अत्यंत आवश्यक हो गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के बीकानेर डिवीजन में स्थित हांसी जंक्शन एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। हांसी जंक्शन पर दोनों दिशाओं में ट्रैक विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशन के नए भवन का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। इस विकास परियोजना पर लगभग 18 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च की जा रही है।



### इन ट्रेनों के हांसी जंक्शन पर ठहराव की मांग

विधायक विनोद भयाना ने बताया कि हांसी जंक्शन पर गोरखपुर से बठिंडा तथा भटिंडा से गोरखपुर ट्रेन का प्रतिदिन, अगरतला से फिरोजपुर, फिरोजपुर से अगरतला ट्रेन का साप्ताहिक, हरिद्वार से बीकानेर ट्रेन का सप्ताह में तीन दिन, जोधपुर से हिसार एक्सप्रेस ट्रेन का प्रतिदिन तथा साबरमती कटरा तथा कटरा साबरमती ट्रेन का साप्ताहिक ठहराव की मांग की गई है। इसके अतिरिक्त विधायक ने जोधपुर हिसार एक्सप्रेस को उपलब्ध लाइन ओवर का उपयोग करते हुए भिवानी सिटी तक विस्तारित किए जाने की भी मांग की है, जिससे क्षेत्र के यात्रियों को सीधी और बेहतर रेल सुविधा मिल सके।



# सिर्फ सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं व्यवसाय शिक्षा : प्रो. बिश्नोई

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस (एचएसबी) में डेटावर्स क्लब की ओर से बीबीए विद्यार्थियों के लिए 'एसक्यूएल' पर चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। एचएसबी के डीन प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई ने कहा कि आज व्यवसाय शिक्षा केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं रह गई है। बीबीए स्तर पर ही यदि विद्यार्थियों को डेटाबेस प्रबंधन और विश्लेषणात्मक कौशलों से परिचित कराया जाए, तो उनका करियर मार्ग अधिक सुदृढ़ बनता है। एसक्यूएल जैसी भाषा विद्यार्थियों को डेटा के साथ आत्मविश्वास के साथ कार्य करने में सक्षम बनाती है। एचएसबी के निदेशक प्रो. संजीव कुमार ने कहा कि डेटावर्स क्लब द्वारा आयोजित यह कार्यशाला अकादमिक शिक्षा को व्यावहारिक कौशलों से जोड़ने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को एसक्यूएल की बुनियादी अवधारणाओं, डेटा क्वेरी, डेटा प्रबंधन, जॉइन, सबक्वेरी तथा व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के समन्वयक मोहित, प्रभुता, स्नेहा, अंकित एवं अन्य सदस्यों ने आयोजन की योजना, समन्वय एवं सफल क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005